

RNI No.: UPHIN/25/A1698
NAVSARJAN SANSKRUTI

# नवसर्जन संस्कृति

नवसर्जन संस्कृति
लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 285
दि. 16.02.2026,
सोमवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा


# पीएम मोदी का राजस्थान दौरा तय, अजमेर की धरती से 23500 करोड़ की देंगे सौगात

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान दौरे का कार्यक्रम तय हो गया है. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान दौरे के बारे में जानकारी दी है. सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का कार्यक्रम 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को नई शक्ति प्रदान करेगा. पीएम मोदी 28 फरवरी को राजस्थान के दौरे पर आएंगे. वह अजमेर की धरती से 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की राजस्थान को सौगात देंगे. इस दौरान 'रोजगार उत्सव' कार्यक्रम में राजस्थान के 21 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे.

अजमेर की धरती से देंगे सौगात

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पीएम मोदी के दौरे से जुड़ी एक पोस्ट साझा की. जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे और सभा के दौरान होने वाली घोषणाओं की जानकारी दी है. सीएम भजनलाल ने कहा कि मुझे यह जानकारी साझा करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि आगामी 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अजमेर की धरती से प्रदेश को 23,500 रुपये करोड़ के विकास कार्यों की अभूतपूर्व सौगात देंगे.

21 हजार युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र

सीएम ने कहा कि शिलान्यास और लोकार्पण के साथ-साथ 'रोजगार उत्सव' में 21 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपकर उनके सपनों को नई उड़ान दी जाएगी. उधर प्रधानमंत्री



के प्रस्तावित दौरे को लेकर अजमेर में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं. जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड पर कार्य कर रही हैं.

VVIP मूवमेंट के चलते विस्तृत रूट चार्ट तैयार

सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सभा स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर लगातार उच्चस्तरीय बैठकें आयोजित की जा रही हैं. कुछ दिन पहले ही अजमेर कलेक्टर और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने कायड़ विश्रामस्थली सहित प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का मौका मुआयना किया. वीवीआईपी मूवमेंट को ध्यान में रखते हुए विस्तृत रूट चार्ट भी तैयार किया गया. बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा, वैकल्पिक ट्रैफिक रूट और आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष प्लानिंग की जा रही है, ताकि कार्यक्रम को सुरक्षित, व्यवस्थित और सफल बनाया जा सके.

## महाशिवरात्रि पर योगी आदित्यनाथ ने रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की

गोरखपुर, (जीएनएस)। देवाधिदेव महादेव भोले शंकर की उपासना के पावन पर्व महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय और शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। सीएम योगी ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर और भरोहिया के पितेश्वरनाथ शिव मंदिर में भी दर्शन, पूजन व दुग्धाभिषेक-जलाभिषेक किया और चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की।



जनता दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में भगवान भोले शंकर का दुग्ध, दही, घी, मधु और शर्करा से पंच स्नान कराया। इसके बाद विधि विधान से रुद्राभिषेक किया। मठ के पुरोहित एवं वेदपाठी ब्राह्मणों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने महादेव भगवान शिव से चराचर जगत के मंगल की प्रार्थना की।

योगी अंधियारी बाग के प्राचीन मानसरोवर मंदिर भी गए

गोरक्षपीठ में रुद्राभिषेक करने के बाद सीएम योगी अंधियारी बाग के प्राचीन मानसरोवर मंदिर भी गए। यहां उन्होंने भोलेनाथ का दर्शन पूजन किया। भगवान शिव को पूजन सामग्री अर्पित कर, पंचस्नान कराकर दूध और जल से उनका अभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए पूजन और अभिषेक का अनुष्ठान हवन और आरती के साथ पूर्ण हुआ। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि भी उपस्थित रहे।

पितेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंचे यूपी सीएम

इसी क्रम में महाशिवरात्रि पर सीएम योगी दोपहर बाद भरोहिया स्थित पितेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंचे, जहां बाबा पितेश्वरनाथ का दर्शन, पूजन व विधिविधान से जलाभिषेक कर संपूर्ण मानव जाति के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना की। पांडवकालीन मान्यता वाले पितेश्वरनाथ मंदिर का गोरक्षपीठ से गहरा नाता है। गोरक्षपीठाधीश्वर हर महाशिवरात्रि यहां जलाभिषेक करने आते हैं।

योगी ने लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना

जलाभिषेक करने के बाद उन्होंने भरोहिया में शिव मंदिर के सामने स्थित गुरु गोरखनाथ विद्यापीठ के परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। बच्चों से बातचीत कर उन्हें आशीर्वाद दिया। स्थानीय खिलाड़ियों के साथ फोटो खिंचवाई और उनका उत्साहवर्धन किया। भरोहिया में मुख्यमंत्री के आगमन पर विधायक फतेह बहादुर सिंह, भरोहिया के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह और कई लोग मौजूद रहे।

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह आज गुजरात के वडोदरा में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव परिवार की महाआरती में शामिल हुए



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह आज गुजरात के वडोदरा में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव परिवार की महाआरती में शामिल हुए। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि जब कोई पुण्यात्मा सच्चे मन से संकल्प करता है, तो ईश्वर की कृपा से मुश्किल से मुश्किल संकल्प भी पूर्ण हो जाता है और बहुत बार तो वह एक परंपरा के रूप में परिवर्तित हो जाता है। इसका सबसे बड़ा और जीवंत उदाहरण सर्वेश्वर महादेव की यह विराट प्रतिमा है, जो आज शिवरात्रि के अवसर पर हम सबके समक्ष एक चमत्कार की तरह खड़ी है। उन्होंने कहा कि सावली वाले महाराज ने तीन महान संकल्प किए थे—सुर सागर के मध्य में भव्य शिव प्रतिमा की स्थापना, शिवरात्रि के दिन वडोदरा में शिवजी की भव्य सवारी का आयोजन तथा गणेशजी की स्थापना। ये तीनों संकल्प हमारी आँखों के सामने साकार रूप में उपस्थित हैं।

# अखिलेश यादव ने साधा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना, बताया सीएम का नया मतलब

(जीएनएस)।

समाजवादी पार्टी (रढ) प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्र और उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकारों पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि आजकल उट का नया मतलब 'करप्ट माउथ' भी होता है।

उन्होंने यह बयान रविवार को लखनऊ में कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नसीमउद्दीन सिद्दीकी समेत विभिन्न नेताओं के रढ में शामिल होने के लिए आयोजित एक समारोह में दिया।

आइए जानते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा।

अखिलेश ने क्या दिया बयान?

अखिलेश ने 'CM' शब्द का नया अर्थ देते हुए कहा, "आजकल CM का मतलब 'करप्ट माउथ' भी होता है।"

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर स्पष्ट रूप से कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, "हमारे मुख्यमंत्री एक खिलाड़ी हैं, लेकिन वे खेल नहीं पाते हैं। दिल्ली और लखनऊ दोनों जगहों पर वर्तमान में राजनीतिक माहौल बहुत ही खराब चल रहा है। दोनों स्तरों पर शासन की विफलताओं के कई उदाहरण सामने आ रहे हैं।"

शंकराचार्य और राजनीतिक भाषा पर टिप्पणियां

यादव ने कुछ नेताओं पर शंकराचार्य का अपमान करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, "कुछ लोग हमारे



पूज्य शंकराचार्य का अपमान कर रहे हैं। भगवा वस्त्र धारण करने वाले हर व्यक्ति को हम आदर की दृष्टि से देखते हैं, लेकिन ये लोग किस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं? जब भी ये मुंह खोलते हैं, बुरा-भला ही बोलते हैं।"

उन्होंने यह भी पूछा, "जो लोग दूसरों के प्रमाण पत्र मांग रहे हैं, उनके अपने प्रमाण पत्र कहां हैं?"

राफेल और 'मेक इन इंडिया' को लेकर भी बोला हमला

रक्षा खरीद से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए अखिलेश ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाया।

उन्होंने केंद्र के आर्थिक बयान में विरोधाभासों का आरोप लगाते हुए कहा, "अगर हम करोड़ों रुपये के राफेल लड़ाकू विमान खरीद रहे हैं, तो 'मेक इन इंडिया' का क्या हुआ?"

उन्होंने यह कहते हुए एपस्टीन फाइलों मामलों जैसे अंतरराष्ट्रीय मामलों पर टिप्पणी करने से भी इनकार कर दिया कि उनका ध्यान घरेलू मुद्दों पर केंद्रित है। यह शासन की विफलता को दशार्ता है।

मतदाता सूची में अनियमितताओं के लगाए आरोप

अखिलेश ने भाजपा पर मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर हेराफेरी का आरोप लगाते हुए दावा किया कि पंचायत चुनावों में देरी का यही कारण है।

उन्होंने आरोप लगाया, "मतदाता सूची में भारी घोटाला हुआ है। यहां तक कि जिन लोगों ने अंगूठे के निशान से हस्ताक्षर किए हैं, उनके भी फॉर्म-7 में कथित तौर पर हस्ताक्षर जोड़ दिए गए हैं।"

उन्होंने राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना के बाद आरक्षण जनसंख्या के अनुपात में आवंटित करने की भी मांग उठाई।

## रक्षा मंत्री और उनके फ्रांसीसी समकक्ष बेंगलुरु में आयोजित होने वाले छठे वार्षिक रक्षा संवाद की सह-अध्यक्षता करेंगे

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 17 फरवरी, 2026 को कर्नाटक के बेंगलुरु में फ्रांस की सशस्त्र सेना और वयोवृद्ध मामलों की मंत्री सुश्री कैथरीन वाउटरिन के साथ छठे भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा संवाद की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की जाएगी



जिसमें औद्योगिक सहयोग के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस बैठक के दौरान, रक्षा सहयोग समझौते को अगले 10 वर्षों के लिए नवीनीकृत किए जाने की उम्मीद है, साथ ही दोनों रक्षा मंत्रियों की उपस्थिति में हैमर मिसाइलों के निर्माण के लिए संयुक्त उद्यम पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने की भी संभावना है।

भारतीय सेना और फ्रांसीसी थल सेना प्रतिष्ठानों में अधिकारियों की पारस्परिक तैनाती के संबंध में भी घोषणा होने की उम्मीद है।

## भारत सरकार ने गुजरात में सीबीडीसी-आधारित डिजिटल फूड कूपन पायलट की शुरूआत की

**सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में सीबीडीसी का एकीकरण, खाद्य वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम: केंद्रीय मंत्री प्र'ाद जोशी**

**'हर दाना, हर रुपया, हर अधिकार': प्र'ाद जोशी ने सीबीडीसी-आधारित डिजिटल फूड कूपन को सार्वजनिक वितरण प्रणाली में एक ऐतिहासिक सुधार बताया**

(जीएनएस)।

भारत सरकार ने गुजरात में केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) आधारित डिजिटल फूड करेंसी पायलट योजना की शुरूआत की है। इस योजना का शुभारंभ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्र'ाद जोशी, गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया भी उपस्थित रहीं।



इस अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्र'ाद जोशी ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) की शुरूआत भारत की खाद्य सुरक्षा संरचना में पारदर्शिता, दक्षता और लाभार्थियों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। गुजरात में सीबीडीसी-आधारित डिजिटल फूड करेंसी पायलट परियोजना का शुभारंभ करते हुए उन्होंने जोर दिया कि 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को सेवा प्रदान करने वाली भारत की सार्वजनिक वितरण प्रणाली विश्व की सबसे बड़ी खाद्य वितरण व्यवस्था है( जो तकनीक-आधारित सुधारों के माध्यम से निरंतर विकसित हो रही है।

'हर दाना, हर रुपया, हर अधिकार' का नारा देते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह पहल पात्रता संबंधी जागरूकता को बढ़ाएगी।

# राहुल गांधी ने अमेरिकी ट्रेड डील पर प्रधानमंत्री से पूछे पांच सवाल

**राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ हुए अंतरिम ट्रेड डील पर प्रधानमंत्री मोदी से पांच सवाल पूछे हैं।**

नई दिल्ली। , (जीएनएस)। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका से हुए अंतरिम ट्रेड डील के खिलाफ अपने तेवरों में किसी तरह की नरमी नहीं लाने का इरादे साफ करते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पांच सवाल पूछे।

साथ ही कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि इस ट्रेड डील के नाम पर देश के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए दिखाई दे रहा है। राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट पर कहा कि "मैं प्रधानमंत्री से कुछ आसान सवाल पूछना चाहता हूं।

पहला डीडीजी इंपोर्ट करने का वास्तव में क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय मवेशियों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टीलर्स ग्रेन खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे दूध उत्पाद प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे?"



दूसरा सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे?

कांग्रेस नेता ने पीएम से तीसरा सवाल किया कि जब आप 'अतिरिक्त उत्पाद" कहते हैं तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है? क्या है नान-ट्रेड-बैरियर्स हटाने का मतलब? राहुल गांधी ने चौथा प्रश्न उठाते हुए कहा कि ' नान-ट्रेड-बैरियर्स" हटाने का क्या मतलब है? क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपने रुख को ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा? पांचवा सवाल उठाया कि एक बार यह दरवाजा खुल गया, तो हर साल इसे और ज्यादा खुलने से हम कैसे रोकेंगे? क्या इसकी रोकथाम होगी, या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को में पर रख दिया जाएगा? नेता विपक्ष ने कहा कि किसानों को इन सब पर सफाई तो मिलनी ही चाहिए। यह सिर्फ आज की बात नहीं है। ये भविष्य की भी बात है और क्या हम किसी दूसरे देश को भारत की कृषि उद्योग पर लंबे समय की पकड़ बनाने दे रहे हैं।

## मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर स्वयंभू भवनाथ महादेव की श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की

**मुख्यमंत्री ने आस्था के महाकुंभ महाशिवरात्रि के मेले में शामिल होकर धन्यता महसूस की**

**मुख्यमंत्री ने भवनाथ मंदिर परिसर में गिरनार तीर्थक्षेत्र और अलग-अलग अखाड़ों के साधु-संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर संतों का सम्मान और अभिवादन किया**

**ऊर्जा राज्य मंत्री श्री कौशिकभाई वेकरिया भी भवनाथ महादेव के दर्शन-पूजन में श्रद्धाभाव से शामिल हुए**

**मुख्यमंत्री ने भवनाथ मंदिर परिसर में भक्तों के साथ सहजता से बातचीत कर उनका अभिवादन किया**



गांधीनगर, 15 फरवरी : मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गिरनार पर्वत की गोद और भवनाथ तलहटी में बिराजमान स्वयंभू भवनाथ महादेव के श्रद्धाभाव के साथ दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री के साथ ऊर्जा राज्य मंत्री श्री कौशिकभाई वेकरिया भी श्रद्धापूर्वक भवनाथ महादेव के दर्शन और पूजा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जूनागढ़ में परंपरागत रूप से आयोजित होने वाले पांच दिवसीय महाशिवरात्रि मेले के अंतिम दिन भवनाथ मंदिर परिसर में साधु-संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर उन्हें अंगवस्त्र अर्पित किया और विशेष सम्मान के साथ उनका अभिवादन किया। संत समागम के लिए प्रसिद्ध इस महाशिवरात्रि के मेले में मुख्मयंत्री ने साधु-संतों के साथ मुलाकात कर आध्यात्मिक चेतना की भी अनुभूति की। श्री भूपेंद्र पटेल ने भवनाथ मंदिर में स्थित अखंड धूणा (धूनी) के भी दर्शन किए और बाद में मृगी कुंड में श्रद्धापूर्वक नमन किया।

मुख्यमंत्री ने आस्था के महाकुंभ महाशिवरात्रि के मेले में भवनाथ मंदिर परिसर के सत्संग हॉल में श्री मुक्तानंद बापू, श्री शेरनाथ बापू, श्री हरिहरानंद बापू, श्री महेश गिरि बापू, श्री महेन्द्रानंद गिरि बापू, श्री संपूणार्नंदजी बापू, श्री राजेन्द्रदास बापू, श्री भारद्वाज गिरि बापू, श्री बुद्ध गिरि बापू, श्री सोमनाथ जी बापू सहित अन्य साधु-संतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान को बढ़ावा मिला

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने 2024 और 2025 के दौरान आयोजित अपने वर्चुअल क्षमता-निर्माण पहलों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ग्राम पंचायतों के लिए अपने राष्ट्रव्यापी वर्चुअल क्षमता-निर्माण कार्यक्रम की दूसरी श्रृंखला शुरू की है। इस श्रृंखला का उद्घाटन 13 फरवरी, 2026 को पंचायती राज मंत्रालय के सहयोग से किया गया जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर उपभोक्ता जागरूकता को बढ़ाना और संरक्षण तंत्र को मजबूत करना है।



इस नई पहल के तहत पहली बातचीत बिहार, झारखंड और ओडिशा राज्यों के साथ हुई। इस सत्र में 1,011 ऑनलाइन लिंक के माध्यम से भागीदारी हुई, जिससे पंचायत स्तर पर हजारों हितधारकों तक पहुंचा जा सका।




# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदीप सिंह पुरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और पेट्रोलियम क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदीप सिंह पुरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और पेट्रोलियम क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई बड़े नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। पीएम मोदी ने पेट्रोलियम और नेचुरल गैस सेक्टर में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की उनकी कोशिशों के लिए हरदीप सिंह पुरी की सराहना भी की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस सेक्टर में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की उनकी कोशिशें तारीफ के काबिल हैं। उनकी लंबी उम्र और अच्छी सेहत के लिए प्रार्थना करता हूं।'



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी हरदीप पुरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'केंद्रीय कैबिनेट में मेरे साथी हरदीप सिंह पुरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और मंगलमय जीवन की प्रार्थना करता हूं।'

केंद्रीय कानून और न्याय, और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'हरदीप सिंह पुरी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ और सुखमय जीवन की कामना करता हूं।'

केंद्रीय संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लिखा, 'मेरे सम्मानित कैबिनेट साथी केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। देश की सेवा में आपके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की प्रार्थना करता हूं।'

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा, 'प्रभु श्री राम की कृपा से आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और यशस्वी जीवन की प्राप्ति हो। लोक-कल्याण के लिए आपकी समर्पित साधना सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करे, यही प्रार्थना है।'

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। बाबा केदार से आपके सुदीर्घ, सुयशपूर्ण एवं मंगलमय जीवन की कामना करता हूं।'

# पैसों की कमी से नहीं रुकेगा मरीज का इलाज, सीएम ने अधिकारियों को निर्देश

गोरखपुर, (जीएनएस)। गोरखपुर में रविवार को आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम नागरिकों से सीधे संवाद किया। कार्यक्रम गोरखनाथ मंदिर परिसर में हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें और मांगें लेकर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार, मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर करीब 150 लोग मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे। किसी ने पारिवारिक विवाद की बात रखी, तो किसी ने सामाजिक और आर्थिक परेशानी बताई। बड़ी संख्या में लोग इलाज के खर्च के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर आए थे।

'पैसे की कमी से इलाज नहीं रुकेगा'

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि आर्थिक अभाव किसी भी मरीज के उपचार में बाधा नहीं बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को इलाज के लिए पैसे की जरूरत है, उनके अस्पताल से इलाज का अनुमान



(एस्टिमेट) जल्द तैयार कराया जाए और उसे सरकार को भेजा जाए. ऐसे मामलों में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर

सीएम ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड समय पर बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि कई जरूरतमंद अब भी योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं, ऐसे मामलों की पहचान कर तत्काल कार्ड जारी किए जाएं, ताकि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

शिकायतों के निस्तारण की तय समय-सीमा

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता से मिली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हो और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों को योजनाओं का वास्तविक लाभ दिलाना और समस्याओं का मौके पर समाधान करना है।

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में लोगों की समस्याएं दर्ज की गईं और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। 'जनता दर्शन' को सरकार जनसंवाद का प्रभावी मंच मानती है, जहां आम नागरिक सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रख सकते हैं।

# संकिसा तीर्थस्थल : बौद्ध परंपरा के अनुसार यहीं भगवान बुद्ध स्वर्ग से अपनी माता को उपदेश देकर पृथ्वी पर अवतरित हुए

**ओम प्रकाश कुशवाहा की कलम से**

संकिसा (जिला फरुर्खाबाद, उत्तर प्रदेश) एक अत्यंत प्राचीन एवं पवित्र बौद्ध तीर्थस्थल है। बौद्ध परंपरा के अनुसार यहीं भगवान बुद्ध स्वर्ग से अपनी माता को उपदेश देकर पृथ्वी पर अवतरित हुए थे। इस कारण संकिसा का स्थान बौद्ध धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह विश्व बौद्ध परिपथ का एक प्रमुख केंद्र माना जाता है।






इतनी ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता होने के बावजूद संकिसा का विकास अपेक्षित गति से नहीं हो पाया है। यहाँ पर्यटन की मूलभूत सुविधाएँ—जैसे बेहतर सड़क संपर्क, ठहरने की व्यवस्था, मार्गदर्शक संकेतक, सूचना केंद्र, स्वच्छता एवं आधुनिक सुविधाएँ—अभी भी सीमित हैं। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यहाँ योजनाबद्ध एवं तीव्र विकास की आवश्यकता है।

यदि संकिसा का समुचित एवं शीघ्र विकास किया जाए तो यह न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाएगा। सरकार, स्थानीय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों से संकिसा को एक विश्वस्तरीय आध्यात्मिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है।

# महाशिवरात्रि पर आंतरिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है:मंहत विशाल गौड़

**श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि पर विशेष आयोजन सम्पन्न**

लखनऊ। रविवार को चौक कोतवाली स्थिति श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में प्रातः काल से ही भक्तों द्वारा जलाभिषेक शुरू हो गया जो दोपहर बाद तक हरि ओम हर जल चढ़ता रहा। मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने बताया कि महाशिवरात्रि पर ध्यान सौ गुना अधिक प्रभावी होता है और महाशिवरात्रि पर आंतरिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। महंत ने बताया कि महाशिवरात्रि का पौराणिक और धार्मिक महत्व है। यह



भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। माना जाता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन से हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग के उदय से हुआ था। महाशिवरात्रि के समय हम अपनी चेतना में विश्राम करते हैं। यह समय है अपनी अंतरात्मा और चेतना के साथ उत्सव मानाने का, महाशिवरात्रि के दिन साधना के माध्यम से हम दिव्य चेतना की शरण में चले जाते हैं। महंत विशाल गौढ़ ने बताया कि दिनभर जलाभिषेक के बाद सांय भव्य और दिव्य महाआरती का आयोजन किया गया एवं रात में शिवमहिमा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन मंदिर प्रांगण मे किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अनेकों भक्तगण मौजूद रहे।

# विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा बजट - अरुण सिंह

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सदस्य अरुण सिंह रांची में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम से वापसी के दौरान रॉबर्ट्सगंज स्थित लोढ़ी सर्किट हाउस में रुके। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

पत्रकारों से बातचीत में अरुण सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और भारत वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों का उद्देश्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है।

बजट पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की मजबूत रूपरेखा है। इस बजट में गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला और मध्यम वर्ग सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने, किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई एवं भंडारण सुविधाओं के विस्तार तथा आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं।



उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार सृजन, स्टार्टअप और स्वरोजगार को प्रोत्साहन देने हेतु विशेष योजनाएं शामिल की गई हैं।

महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास—सड़क, रेल, हवाई अड्डे और डिजिटल कनेक्टिविटी—पर बड़ा निवेश देश की अर्थव्यवस्था को नई गति देगा। साथ ही एमएसएमई क्षेत्र को मजबूती देने और उद्योगों को बढ़ावा देने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं, जिससे आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने दावा किया कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है और आने वाले वर्षों में भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम के उपरांत अरुण सिंह यहां से वाराणसी के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, आनंद मिश्रा, प्रमोद गुप्ता, देवेंद्र पाण्डेय, मनीष अग्रहरी, प्रकाश श्रीवास्तव, रवि तिवारी, प्रिंस पाण्डेय, सनी पाण्डेय, विवेक देव पाण्डेय, अनुराग श्रीवास्तव, योगेश सिंह, अभिषेक सिंह, अनूप पाण्डेय, मनीष पटेल, राहुल शर्मा, शुभम सोनी, आशीष तिवारी, रोहित तिवारी, लवकुश गिरी, राजेश पाण्डेय, गुड्डू पाण्डेय, नीरज चौबे, बच्चा भैया, अजय सिंह, प्रिंस पाण्डेय समेत भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मान्यता निलंबित, फिर भी वेतन की तैयारी?

**मदरसा अनुदान व्यवस्था पर उठे सवाल, 16 को हाईकोर्ट में सुनवाई,**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सहायता प्राप्त मदरसों में वित्तीय अनुशासन और नियमों के दोहरे मापदंड को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मामला जौनपुर के एक सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका के बाद गरमा गया है। आरोप है कि मान्यता निलंबित होने के बावजूद कुछ मदरसों में सरकारी खजाने से वेतन भुगतान की प्रक्रिया जारी है, जो माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के स्थापित नियमों के विपरीत है।

सामान्य प्रशासनिक व्यवस्था के अनुसार, किसी भी सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय की मान्यता निलंबित होते ही उसका सरकारी अनुदान और शिक्षकों का वेतन स्वतः ही रोक दिया जाता है। माध्यमिक शिक्षा विभाग में यह नियम कड़ाई से लागू है। लेकिन, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित मदरसों में इस नियम के कथित उल्लंघन की खबरें सामने आ रही हैं।

सूत्रों के मुताबिक, वाराणसी के चर्चित मदरसा जामिया इस्लामिया, मदनपुरा का मामला इस समय चर्चा के केंद्र में है। बताया जा रहा है कि इस मदरसे की मान्यता दोबारा निलंबित होने के बावजूद वहां वेतन भुगतान की तैयारी की जा रही है।

वाराणसी के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार को भेजे गए एक पत्र ने इस विवाद को हवा दे दी है। पत्र में कथित तौर पर उल्लेख है कि, मदरसा जामिया इस्लामिया में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया चल रही है, जबकि प्रबंधक द्वारा अभी तक वेतन बिल कार्यालय में प्रस्तुत ही नहीं किया गया है। बिना सक्षम आदेश और बिना मैनेजमेंट के बिल प्राप्त हुए भुगतान की प्रक्रिया शुरू करना वित्तीय नियमावली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

हाईकोर्ट और विधान परिषद में हलचल

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जौनपुर निवासी एजाज अहमद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में जनहित याचिका (130/2026) दायर की है। मुख्य न्यायाधीश की पीठ इस मामले पर 16 तारीख को सुनवाई करेगी। याचिका में सरकारी धन के दुरुपयोग और नियमों की अनदेखी पर जवाब मांगा गया है।

वहीं, उत्तर प्रदेश विधान परिषद में भी नियम 110 के तहत दो सदस्यों द्वारा इस मुद्दे पर सवाल उठाए गए हैं। विपक्षी और सामाजिक संगठनों का तर्क है कि करदाताओं के पैसे का उपयोग नियमों के विरुद्ध नहीं किया जा सकता।

# यूजीसी कानून वापस ले सरकार: कुवर हरिवंश सिंह

**मंथन बैठक में सवर्ण समाज ने एकजुटता दिखाते हुए यूजीसी कानून रदद करने की मांग की**

लखनऊ १५ फरवरी। यूजीसी कानून को रदद कर सवर्ण समाज के योग्य युवाओं को समाज की मुख्य धारा से जोडने और क्षत्रिय महासभा की एकजुटता को लेकर रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुवर हरिवंश सिंह की अध्यक्षता में मंथन बैठक का आयोजन यूपी प्रेसक्लब में किया गया। जिसमें सभी सवर्ण समाज के योद्धाओं ने यूजीसी कानून को एकमत से रदद करने का आवाहन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह ने देश भर में सवर्ण समाज को सनातन योद्धा संग केसरिया यात्रा निकालने का आवाहन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा देश भर से यूजीसी कानून वापस लिया जाये नहीं तो सवर्ण समाज आन्दोलन करेगा। यूजीसी मंथन बैठक में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक कृपा शंकर सिंह



पूर्व गृह मंत्री महाराष्ट्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व सांसद जितेंद्र सिंह एवं कानून सलाहकार सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता डॉ एपी सिंह व राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं उत्तर प्रदेश के सभी प्रदेश अध्यक्ष युवा वीरांगना अध्यक्ष उपस्थित रहे। राघवेन्द्र सिंह राजू ने कहा 'परिक्रमा नहीं पराक्रमइ से यहां हासिल करो सम्मान से। अपना हक और अधिकार चाहिए सवर्ण समाज को देश की आजादी को ७० साल बीत गये है, अब जातिगत आरक्षण समाप्त करना चाहिए। एकता ही संगठन के लिए काफी है। इस मंथन बैठक में कुछ एजेन्डा प्रस्ताव पारित हुए-जिसमें खास रहा जनसंख्या नियंत्रण कानून समान नागरिक संहिता कानून, जाति आधार पर आरक्षण समाप्त करने, सवर्ण उत्थान आयोग का गठन, बिछड़े और पिछड़े क्षत्रियों को जोड़ने का अभियान जो जातियों में उपभ्रंश वोट बैंक के चलते हुआ, अयोध्या लखनऊ भवन निर्माण संगठन में राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वयं ही सहयोग करेंगे, दहेज रहित सामूहिक शादियो पर चलेगा अभियान, युवा संस्कार शिविरों का संगठन आयोजित करेगी।

इस मंथन बैठक के संयोजक प्रभारी वीरपाल सिंह भदौरिया ने कहा महासभा हमारी शान है संगठन से हमारी पहिचान है वर्तमान मे नसीहत देने वालो को हमारा प्रणाम कुछ लोगों की नकारात्मक टिप्पणी सूची करते उन लोगों से बचे। जातीय आधारित आरक्षण का हम विरोध करते है, गरीबो को संरक्षण दिया जाये। क्रिमिलियर को बारबार आरक्षण क्यों संगठन ने किया किया लोगों को बताए कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा करे हर सच्चाई से संघर्ष में साथ खड़ी है। इस अवसर पर

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बच्चन सिंह राणा, पवन कुमार सिंह एमएलसी, रघुनंदन सिंह भदौरिया पूर्व विधायक, एड सुप्रीम कोर्ट एसपी सिंह,

मंथन बैठक में सर्वसमाज के विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक प्रदेश अध्यक्ष अवध वीरपाल सिंह आदि लोगों ने अपनी बात रखी।

## पुरानी रंजिश में कार सवार दबंगों ने युवक को पीटा, गंभीर रूप से घायल

खखरेरू / फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मनकापुर निवासी एक युवक के साथ पुरानी रंजिश के चलते मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कार सवार तीन लोगों पर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित घनश्याम पुत्र स्व. रामखेलावन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार शाम लगभग 7:30 बजे वह अपने गांव वापस जा रहा था। जैसे ही वह चचिडा मोड़ के पास पहुंचा, तभी कार संख्या वढ64अळ2038 से पहुंचे फूलचंद, प्रेमचंद व राज बाबू ने पुरानी रंजिश के चलते उसे रोक लिया।

आरोप है कि तीनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से घनश्याम पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान उसके सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए भेजा गया।

इस संबंध में थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।


# 'जय सोमनाथ' में दिखेगी भारतीय इतिहास की भव्य कहानी, संजय लीला भंसाली-केतन मेहता ने मिलाया हाथ

**भव्य ऐतिहासिक प्रोजेक्ट 'जय सोमनाथ' के लिए संजय लीला भंसाली-केतन मेहता आए साथ!**

मुम्बई संजय लीला भंसाली और केतन मेहता, जो भारतीय सिनेमा की दो सबसे बड़ी क्रिएटिव ताकतें हैं, अब एक ऐसी ऐतिहासिक कहानी दिखाने के लिए साथ आए हैं जो भारत और यहां के लोगों के लिए बहुत अहम साबित हो सकती है।

संजय लीला भंसाली ने केतन मेहता के साथ मिलकर भारतीय सभ्यता की एक बेहद महत्वपूर्ण कहानी 'जय सोमनाथ' का ऐलान किया है। भारतीय सिनेमा की इन दो सबसे बड़ी क्रिएटिव ताकतों का एक साथ आना वाकई एक्साइटिंग है, जो पर्दे पर एक अनोखा और भव्य नजारा पेश करने का वादा करता है।

'जय सोमनाथ' की कहानी हमें 1025-1026 ईस्वी के उस दौर में ले जाएगी, जब गजनी के महमूद ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और उसे लूटा था। यह भारतीय इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो विनाश के बाद फिर से खड़े होने की ताकत को दिखाता है। इस साल इस हमले और मंदिर के विध्वंस को 1000 साल पूरे हो रहे हैं, और यह फिल्म




भारत की कभी न टूटने वाली हिम्मत और हमारी सभ्यता के गौरव का प्रतीक बनेगी। हैरानी की बात है कि इतने गहरे इमोशनल और कल्चरल महत्व वाले इस विषय पर आज तक सिनेमा में कभी काम नहीं हुआ। अब पहली बार यह ऐतिहासिक घटना बड़े पर्दे पर जीवंत होने जा रही है, जो यकीनन हर भारतीय के दिल को छू लेगी।

'जय सोमनाथ' को जो बात सबसे खास बनाती है, वो है संजय लीला भंसाली और केतन मेहता का साथ आना। जहाँ भंसाली अपनी भव्यता और बड़े पर्दे पर एक जादुई दुनिया रचने के लिए मशहूर हैं, वहीं केतन मेहता अपनी बेबाक कहानियों, ऐतिहासिक विजन और इंटरनेशनल लेवल की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। यह फिल्म इतिहास की गहराई और सिनेमा के विशाल स्केल को एक साथ लेकर आएगी, जो दर्शकों को एक जबरदस्त अनुभव देने का वादा करती है। क्योंकि ये दोनों ही फिल्ममेकर गुजरात से ताल्लुक रखते हैं, इसलिए उम्मीद है कि वे इस कहानी में असलियत और जज्बातों का वो मेल दिखा पाएंगे जो सीधे लोगों के दिलों को छुएगा।

'जय सोमनाथ' का निर्माण भंसाली प्रोडक्शंस और माया मूवीज (केतन मेहता की प्रोडक्शन कंपनी) के बैनर तले किया जा रहा है। केतन मेहता खुद इस फिल्म के लेखन और निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। फिल्म 2027 में बड़े पर्दे पर दस्तक देने के लिए तैयार है।

RNI No.: UPHIN/25/A1698 Published & Owned by RAGINI JIGNESHKUMAR VAGHELA and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh.
and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : VINOD KUMARI
Regd.Office : B/13, Sneh Plaza Shopping Center, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad - 382 424 Gujarat,India. Phone : (o) 7698333307 (M) 8485951747,7096333307
Email:navsarjansanskruti2016@gmail.com*navsarjansanskruti2016@yahoo.com*Website : www.navsarjansanskruti.com

# सम्पादकीय

## तारिक की बीएनपी को दो तिहाई सीटें मिली

बांग्लादेश में चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद जीत से उत्साहित बीएनपी यानि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पाटा के नेता तारिक रहमान ने शनिवार को कहा कि वह अपने देश और जनता के हित में ही विदेश नीति को तय करेंगे। रहमान 17 वर्षों तक देश से बाहर रह चुके हैं और अवामी लीग की नेता शेख हसीना के राजनीतिक विरोधी होने के कारण माना जाता है कि भारत से जब कभी उनके प्रात्यर्पण पर बात होगी तो बात बिगड़ सकती है। लेकिन रहमान ने जिस तरह भारत के साथ संबंधों को लेकर वूटनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया और कहा कि उनकी विदेश नीति जनता के हित पर आधारित होगी उससे इतना तो स्पष्ट है कि रहमान कठमुल्ला नीति से बचने का प्रायास जरूर करेंगे।

दरअसल बांग्लादेश में शेख हसीना को सत्ता से उखाड़ पेंकने वाले छात्रों का हुल्लड़ ब्रिगेड ने जमायते इस्लामी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और दोनों को ही जनता ने नकार दिया। दोनों को अपनी औकात का एहसास हो या न हो किन्तु इतना तय है कि बांग्लादेश की जनता ने भारत विरोधी तत्वों को कड़ा संदेश देते हुए देश में एक बार फिर राजनीतिक स्थिरता के लिए मतदान किया है। बीएनपी को जो दो तिहाई सीटें मिली हैं, उनमें अवामी लीग के भी वोट शामिल हैं। अवामी लीग को मोहम्मद यूनुस की सरकार ने चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी और जमायते इस्लामी एवं कट्टरपंथी ताकतों के निशाने पर परेशान अवामी लीग के समर्थक चाहते थे कि उनकी जान के दुश्मन जेहादियों को किसी भी हालत में नहीं जीतना चाहिए। इसलिए शेख हसीना की अनुपस्थिति में उन्होंने तारिक रहमान को ही जिताना अपने हित में समझा।

सच तो यह है कि मोहम्मद यूनुस तो कठमुल्लों का भी कठमुल्ला था।

वह पूरी तरह जमायते इस्लामी और हिफाजते इस्लाम के इशारे पर काम करता था। उसे पता था कि अंतर्राष्ट्रीय विधि में प्रात्यर्पण उस व्यक्ति का हो ही नहीं सकता जो अपने देश में राजनीतिक विद्वेष का शिकार हो। भारत शेख हसीना का यदि प्रात्यर्पण कर भी दे तो विश्व बिरादरी की आलोचना का पात्र बनेगा। राजनीतिक आश्रय का प्रावधान पूरी दुनिया में है। भारत जब चीन से घबराता था तब भी उसने तिब्बती धर्म गुरू दलाई लामा को राजनीतिक आश्रय दिया। अब तो भारत किसी भी देश से नहीं डरता तो वह मानवीय मूल्यों की उपेक्षा करके राजनीतिक आश्रय ले चुकी शेख हसीना के बारे में बांग्लादेश की किसी भी सरकार से कोई बात ही नहीं करेगा। भारत सरकार की दृढ़ नीति है कि नई दिल्ली ने शेख हसीना को रोक कर नहीं रखा है बल्कि वह खुद बांग्लादेश की अराजकता से त्रस्त होकर भारत में रह रही हैं। उन्हें जब तक जरूरत महसूस होगी वह भारत में रहेंगी और जब जाना चाहेंगी तो चली जाएंगी किन्तु वुल मिलाकर रहने या जाने का पैसला उन्हें ही करना है।

अपना मानना है कि तारिक रहमान कट्टरपंथियों की आलोचना, देश में आईएसआई के प्राभाव में ब्यूरोव्रेसी और अपनी राजनीतिक मजबूरी के कारण भले ही शेख हसीना के प्रात्यर्पण की बात 'करने के लिए करते रहे'

किन्तु भारत के रुख को देखते हुए वह अपनी जनता के हित में भारत के साथ व्यापारिक, सुरक्षा एवं वूटनीतिक संबंधों को खराब करने की नासमझी नहीं करेंगे। लगता है कि रहमान भारतीय लोकतंत्र की मजबूरियों एवं बांग्लादेश की हकीकत को महसूस करके उदार विदेश नीति अपनाएंगे। इसी में बांग्लादेश के भावी प्राधानमंत्री की समझदारी भी है।

# '38 देशों से अपनी शर्तों पर समझौते', पीएम मोदी बोले- राजनीतिक स्थिरता से निवेशकों का भारत में बढ़ा भरोसा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में राजनीतिक स्थिरता से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस व एमएसएमई सेक्टर की बदौलत भारत 38 देशों के साथ अपनी शर्तों पर व्यापार समझौते कर पाने में सक्षम रहा. पीएम ने निजी क्षेत्र से आरएंडडी और क्वालिटी में इन्वेस्टमेंट बढ़ाने की अपील की.

केंद्रीय बजट, अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के साथ ट्रेड डील के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को इंटरव्यू दिया है. इन दो बड़े घटनाक्रमों के बाद यह किसी मीडिया आउटलेट को दिया गया उनका पहला इंटरव्यू है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजनीतिक स्थिरता ने भारत में निवेशकों का विश्वास बहाल किया है. उन्होंने कहा कि हमारे मजबूत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, सर्विस सेक्टर और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) सेक्टर ने भारत को 38 देशों के साथ अपनी शर्तों पर व्यापार समझौता करने में सक्षम बनाया है.

उन्होंने कहा कि हमारे मुक्त व्यापार समझौते (FTA) टेक्सटाइल, लेदर, केमिकल, हैंडीक्राफ्ट्स, ज्वेलरी और अन्य क्षेत्रों में लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से बनाए गए हैं. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार के बजट सिर्फ साधारण बही-खाता दस्तावेज नहीं होते, बल्कि वे देश के दीर्घकालिक विकास का रोडमैप होते हैं. साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में भारतीय उत्पादों ने निर्यात के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़े हैं. उन्होंने डिफेंस बजट में हुई बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार का यह कर्तव्य है कि वह रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण मौजूदा परिस्थितियों के अनुरूप करे. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश के रक्षा बलों को समर्थन देने और उन्हें मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास किया है और आगे भी करती रहेगी.

रिफॉर्म एनडीए सरकार की प्रतिबद्धताः PM मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने यूपीए सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन की कड़ी आलोचना की और कहा कि इस कारण भारत दूसरे देशों के साथ व्यापार समझौते को लेकर आत्मविश्वास के साथ बातचीत करने में असमर्थ रहा. उन्होंने कहा कि यूपीए शासन के दौरान ट्रेड डील पर बातचीत शुरू होती थी और फिर टूट जाती थी; कई देशों के साथ लंबी बातचीत के बावजूद कुछ ठोस परिणाम नहीं हासिल हुए. पीएम मोदी ने कहा कि रिफॉर्म एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता है, जिसे उसने अपने शासन में प्रदर्शित भी किया है. उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में रिफॉर्म एक्सप्रेस ने व्यापक स्तर पर प्रगति हासिल की है, लेकिन मैं स्वभाव से कभी पूरी तरह संतुष्ट नहीं होता.



देश की आर्थिक तरक्की के लिए निजी क्षेत्र अहम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में अगले चरण के आर्थिक परिवर्तन के लिए निजी क्षेत्र महत्वपूर्ण है, और उन्होंने प्राइवेट सेक्टर से निर्णायक प्रतिक्रिया का अनुरोध किया. उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र को मार्जिन बचाने पर कम ध्यान देना चाहिए और रिसर्च एंड डेवलपमेंट, सप्लाई चेन और क्वालिटी में आक्रामक रूप से निवेश करना चाहिए. उन्होंने कहा कि डेटा सेंटर हमारे युवाओं के लिए रोजगार के बड़े स्रोत बनेंगे; हम पूरी दुनिया के डेटा को भारत में स्थापित करने के लिए आमंत्रित करते हैं. पीएम मोदी ने कहा कि यूपीआई प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों के ट्रांजैक्शन के तरीके में बड़ा बदलाव हुआ है, जिसके कारण भारत दुनिया में डिजिटल लीडर बनकर उभरा है.

भारत में रखी जा रही एआई इकोसिस्टम की नींव

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत कंप्यूटिंग कैपेसिटी और डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करके एक समृद्ध एआई इकोसिस्टम की नींव रख रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले एक दशक के लिए सुधारों की तीन प्रमुख प्राथमिकताएं बताईं- संरचनात्मक सुधार, डीप इनोवेशन और सरल शासन व्यवस्था. उन्होंने कहा कि इन सुधारों से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार मिलेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अपने इतिहास में अब तक के सबसे बड़े और व्यापक बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) विस्तार का दौर देख रहा है, जिसे भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है.

पीएम मोदी ने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडिचर) 12.2 लाख करोड़ रुपये रखा गया है, जो 2013 की तुलना में करीब पांच गुना अधिक है. उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार अल्पकालिक लोकलुभावन नीतियों के बजाय उत्पादक और दीर्घकालिक विकास पर खर्च को प्राथमिकता दे रही है. उन्होंने कहा कि भारत को हर समय मजबूत और तैयार रहना जरूरी है, और सरकार इसी दिशा में लगातार काम कर रही है.

महिलाएं ही करेंगी भारत की प्रगति की अगुवाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनकी सरकार का हर फैसला महिलाओं के कल्याण को ध्यान में रखकर लिया जाता है. उन्होंने कहा कि महिलाओं की भलाई सरकार की नीतियों और फैसलों की सबसे बड़ी मार्गदर्शक शक्ति है. पीएम मोदी ने यह भी कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी और देश की प्रगति की अगुवाई महिलाएं ही करेंगी.

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि सरकार अपने सैनिकों और सुरक्षाबलों के कल्याण को लेकर बेहद संवेदनशील है और उनकी जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है. पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया अब महामारी के बाद के दौर में प्रवेश कर चुकी है, जिसने भारत के लिए नए अवसरों के दरवाजे खोले हैं. उन्होंने बताया कि इंसेंटिव और टैरिफ में राहत से विकास को गति मिल सकती है, लेकिन स्थायी प्रतिस्पर्धा इनोवेशन, एफिशिएंसी और बड़े पैमाने पर उत्पादन से ही आएगी.

# केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, रविवार को भोपाल स्थित आईसीएआर-सीआईएई के 51वें स्थापना दिवस समारोह शामिल हुए। कपास हार्वेस्टिंग मशीन की किसानों को समर्पित

**केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, रविवार को भोपाल स्थित ICAR-CIAE के 51वें स्थापना दिवस समारोह शामिल हुए। कपास हार्वेस्टिंग मशीन की किसानों को समर्पित**

**ICAR-CIAE, अनुसंधान, आत्मनिर्भरता और नवाचार का त्रिवेणी संगम है**

**उक्अए संस्थान ने असंभव को आविष्कार में बदला है**

**उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक मशीनें जरूरी**

**किसान केवल बुवाई नहीं, प्रोसेसिंग भी करें**

**देश को हर प्रकार की फसल की आवश्यकता - श्री शिवराज सिंह चौहान**



(जीएनएस)।

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज आईसीएआर-केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल के 51वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने यहां वैज्ञानिकों द्वारा विकसित कपास हार्वेस्टिंग मशीन किसानों को समर्पित की। जिससे कपास हार्वेस्ट आसान हो सके। इस दौरान श्री चौहान ने कहा कि अब तक कपास की तुड़ाई पूरी तरह हाथों से की जाती थी जिसमें समय, श्रम और लागत तीनों की भारी खपत होती थी। किसानों की वर्षों पुरानी मांग थी कि कपास की तुड़ाई के लिए स्वदेशी और किफायती मशीन विकसित की जाए। आज मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि हमारे वैज्ञानिकों ने इस मांग को साकार कर दिखाया है। लगभग 15 लाख रुपये की लागत से विकसित ये मशीन न केवल तुड़ाई की प्रक्रिया को तेज और सरल बनाएगी, बल्कि किसानों की उत्पादन लागत भी कम करेगी। मेरा विश्वास है कि, इससे कपास की खेती अधिक लाभदायक बनेगी और किसानों की आय में वास्तविक वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि, मैं संस्थान के सभी वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों को इस नवाचार के लिए बधाई देता हूं। सरकार का संकल्प स्पष्ट है, कृषि में आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग कर हम किसानों को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाएंगे।

50 वर्षों में संस्थान ने रचा नवाचार का इतिहास

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आईसीएआर- केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान का 50वाँ स्थापना दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय कृषि के यंत्रीकरण की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अब खेती केवल हाथों से या बैलों के सहारे नहीं चल सकती। बदलते समय में यंत्रीकरण अनिवार्य है और पिछले कुछ वर्षों में इस दिशा में तेज प्रगति हुई है। पिछले पाँच दशकों में इस संस्थान ने कृषि यंत्रीकरण को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। विशेष रूप से छोटे किसानों के लिए उपयोगी और किफायती मशीनें विकसित कर बड़ा काम किया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर संस्थान में नवाचारों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई है। यहाँ किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता है, नई मशीनें विकसित की जाती हैं और फिर कृषि यंत्र निमार्ताओं के माध्यम से उन्हें देशभर के किसानों तक पहुँचाया जाता है। मैं, पूरे संस्थान परिवार को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हृदय से बधाई देता हूँ।

CIAE संस्थान ने असंभव को आविष्कार में बदला है

स्थापना दिवस समारोह में केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों और महिलाओं को आधुनिक और किफायती उपकरण भी वितरित किए। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज हम आपको मानव चालित एक कतारी सब्जी ट्रांसप्लांटर, हस्तचालित मक्का शेलर और ऐसी दरांती वितरित कर रहे हैं, जिसे बार-बार धार देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारी बहनों को पत्थर से घिस-घिसकर धार बनाने की परेशानी अब नहीं उठानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि, किसानों को उन्नत बीज भी वितरित किए जा रहे हैं। ये सभी उपकरण और नवाचार जनता के लिए हैं। संस्थान प्रशिक्षण के लिए सदैव खुला रहेगा और हमारे छोटे किसानों को लगातार प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं आईसीएआर- केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि, इस संस्थान ने असंभव को आविष्कार में बदला है। यह अनुसंधान, आत्मनिर्भरता और नवाचार का त्रिवेणी संगम है। आपने परिश्रम को परिणाम में और लागत को लाभ में बदलने का कार्य किया है, जो कृषि क्षेत्र के लिए मील का पत्थर है।

देश को हर प्रकार की फसल की आवश्यकता

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बदलते फसल चक्र और चुनौतियों के बीच देश को हर प्रकार की फसल की आवश्यकता है, विशेषकर कपास उत्पादन को फिर से मजबूती देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि, एक समय भैरूंदा, देवास और खातेगांव जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कपास होती थी, लेकिन अब वहाँ दूसरी फसलों ने स्थान ले लिया है। सोयाबीन भी चुनौतियों में है और उसकी जगह मक्का जैसी फसलें आ रही हैं, पर हमें संतुलित फसल व्यवस्था चाहिए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि, कपास की घटती उत्पादकता का एक बड़ा कारण पिंक बॉल वॉर्म यानी गुलाबी सुंडी है, जिसने फसल को भारी नुकसान पहुँचाया है। इस चुनौती से निपटने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई उन्नत किस्में विकसित कर रहा है। साथ ही हाई डेंसिटी प्लांटेशन यानी घने पौधे लगाने की पद्धति को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे उत्पादन बढ़ सके। अब तक कपास हाथ से चुनी जाती है, जिसमें समय और खर्च अधिक लगता है। मजदूरों का जीवन भी बदले, यह भी जरूरी है। हर व्यक्ति को आगे बढ़ने और बेहतर जीवन जीने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि, किसानों और कृषि यंत्र निमार्ताओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया है, जहाँ विभिन्न मशीनों के संचालन और निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि तकनीक का लाभ तेजी से किसानों तक पहुँच सके।

मशीनों ने जीवन बदला, लेकिन संतुलन आवश्यक

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अब छोटी-छोटी मशीनें गांवों में आनी चाहिए। केवल बोनी ही नहीं, बल्कि दाल जैसी फसलों की प्रोसेसिंग भी किसान खुद करें। उन्होंने कहा कि, लगभग ढाई लाख रुपये की लागत वाली दाल मशीन प्रति घंटे 200 किलो और 10 घंटे में 2000 किलो यानी लगभग 20 क्विंटल दाल तैयार कर सकती है। अरहर, चना या मूंग, आप खुद दाल बनाकर बाजार में बेच सकते हैं। श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दलहन मिशन सहित विभिन्न यंत्रीकरण योजनाओं के तहत 50 प्रतिशत तक सब्सिडी उपलब्ध है। किसान समूह या सेल्फ हेल्प ग्रुप मिलकर मशीन खरीदें, जहाँ दाल पैदा हो रही है वहीं प्रोसेसिंग करें, ब्रांडिंग करें और शुद्ध दाल बेचकर आय बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि मशीनों ने जीवन को बदला है, लेकिन संतुलन आवश्यक है। तकनीक का उपयोग करें, पर इंसान खुद मशीन न बन जाए। साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें और गौमाता व पशुधन को भी खेती की व्यवस्था में सम्मानजनक स्थान दें।

# टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सबसे बड़े मुकाबले में भारत ने एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित की

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सबसे बड़े मुकाबले में भारत ने एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित कर दी है। एकतरफा रहे इस मैच में भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से करारी शिकस्त देते हुए वर्ल्ड कप इतिहास में उनके खिलाफ अपनी 8वीं जीत दर्ज की। अब तक दोनों टीमों के बीच वर्ल्ड कप में कुल 9 मुकाबले हुए हैं, जिनमें से 8 बार भारत ने जीत का परचम लहराया है।

ईशान किशन की पारी ने दिलाई जीत

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 175 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। भारत की पारी के हीरो रहे ईशान किशन, जिन्होंने पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर खबर ली। ईशान ने मात्र 40 गेंदों में 10 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 77 रनों की तूफानी पारी खेली।

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बनाए इतने रन

अन्य बल्लेबाजों में कप्तान




सूर्यकुमार यादव ने 32, शिवम दुबे ने 27 और तिलक वर्मा ने 25 रनों का उपयोगी योगदान दिया। अंत में रिंकू सिंह ने 4 गेंदों पर 11 रन बनाकर पारी को शानदार फिनिश दिया। पाकिस्तान की ओर से सईम अयूब ने 3 विकेट लिए, लेकिन कप्तान सलमान आगा की 18 ओवर स्पिनर्स से कराने की रणनीति भारतीय बल्लेबाजों को रोकने में नाकाम रही। ताश के पत्तों की तरह ढहा पाकिस्तान, 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तानी टीम भारतीय आक्रमण के सामने शुरू से ही दबाव में दिखी। पहले ही ओवर में हार्दिक पांड्या ने साहिबजादा फरहान (0) को आउट कर पाकिस्तान को शून्य पर पहला झटका दिया। इसके बाद जसप्रीत बुमराह ने अपने स्पैल में कहर बरपाते हुए सईम अयूब (6) और कप्तान सलमान अली आगा (4) को सस्ते में समेट दिया।

भारतः अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेट कीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह।

पाकिस्तानः सईम अयूब, साहिबजादा फरहान, सलमान आगा (कप्तान), बाबर आजम, मोहम्मद नवाज, शादाब खान, फहीम अशरफ, उस्मान खान (विकेट कीपर), शाहीन अफरीदी, अबरार अहमद, उस्मान तारिक।

# अजित पवार के प्लेन क्रैश का नया फुटेज आया सामने, हैरान करने वाला दृश्य आया नजर

(जीएनएस)।

महाराष्ट्र के बारामती में हुए उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। विधायक रोहित पवार ने अपने चाचा अजित पवार की हवाई दुर्घटना में मौत पर साजिश का आरोप लगाया है। उन्होंने इस घटना की कई विशेषज्ञ एजेंसियों से व्यापक जांच की मांग की।

इसी बीच इस अजित पवार के लेन क्रैश का नया वीडियो सामने आया है। 28 जनवरी को हुए प्लेन क्रैश के बाद जमीन पर प्लेन का मलबा आग की लपटों में घिरा था, उसी दौरान मलबे में जोरदार धमाका हुआ, जिससे घटनास्थल पर मौजूद अपनी जान बचाकर भागते नजर आ रहे हैं।

मलबे में विस्फोट सुन दहशत में आ गए बचावकर्मी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो आग के मलबे से उठते धुएं के गुबार और इस अचानक विस्फोट ने बचाव कार्य के बीच भी दहशत पैदा कर दी थी। पुलिस और प्रशासन अब इन धमाकों के आधार पर भी हादसे की कड़ियों को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

अजित पवार के साथ पांच लोगों की हुई थी मौत

वीएसआर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड का यह लियरजेट 45 विमान 28



जनवरी को बारामती हवाई अड्डे के पास लैंडिंग के दूसरे प्रयास में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में अजित पवार के साथ उनके व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी, एक परिचारिका, कमांडिंग पायलट सुमित कपूर और फर्स्ट फ्लाइट ऑफिसर शांभवी पाठक की भी मौत हो गई।

रोहित पवार ने अजित पवार प्लेन क्रैश दुर्घटना को लेकर जताई हैं ये आशंकाएं

अजीत पवार के विमान हादसे का नया CCTV वीडियो सामने आया। वीडियो रोहित पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जारी किया। चार्टर्ड LeÔrjet 45 विमान बारामती से शमशाबाद जा रहा था। घने कोहरे में विमान की रफ्तार धीमी हुई और फिर तेजी से जमीन से टकराकर आग का गोला बन गया। हादसे में अजीत पवार समेत कुल 5 लोगों की मौत हुई।

खराब दृश्यता के बावजूद उड़ान की अनुमति कैसे दी गई, इस पर सवाल।

पायलट को ग्रुप चैट में दृश्यता "ठीक" होने की गलत या भ्रामक जानकारी मिलने की आशंका।

DGCA के 5,000 मीटर दृश्यता नियम का पालन न होने की संभावना।

विमान को बारामती में उतारने के फैसले पर सवाल, जबकि पुणे एक सुरक्षित विकल्प हो सकता था।

'गो-अराउंड' (लैंडिंग रद्द कर दोबारा उड़ान भरने) की तकनीकी अनुमति न होने की आशंका।

पायलटों पर अन्य उड़ानों के कारण दबाव होने की संभावना।

चार्टर कंपनी द्वारा रखरखाव (मेंटेनेंस) और सुरक्षा नियमों में लापरवाही की आशंका।

पायलट और सह-पायलट के निर्णयों में संभावित त्रुटि पर प्रश्नचिह्न।

जांच एजेंसियों की तकनीकी विशेषज्ञता पर भी संदेह जताया।

उन्होंने इन सभी बिंदुओं पर निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की मांग की है।

कब तक पूरी होगी जांच?

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शुक्रवार को जानकारी दी कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (AAIB) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट बहुत जल्द जारी की जाएगी। नागर विमानन मंत्रालय ने 30 जनवरी को ही पुष्टि की थी कि जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स भी बरामद कर लिया गया है।

# महाशिवरात्रि पर भोपाल में मोटवानी परिवार का विशाल भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

(जीएनएस)।

महाशिवरात्रि के पावन मौके पर भोपाल में आस्था और सेवा का अनोखा नजारा देखने को मिला, जब मोटवानी परिवार ने स्वर्गीय माता श्री चंदा देवी मोटवानी की याद में विशाल भंडारे का आयोजन किया।

हर साल की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें नजर आईं और पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा। लालवानी प्रेस रोड पर आयोजित इस भंडारे में दूर-दूर से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया।

15 वर्षों की परंपरा, इस बार 16वां आयोजन

मोटवानी परिवार पिछले डेढ़ दशक से इस सेवा कार्य को निरंतर निभा रहा है। यह भंडारा अब अपने 16वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और शहर की धार्मिक परंपराओं का अहम



हिस्सा बन गया है। आयोजकों के अनुसार, हर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है और इस बार भी करीब 15 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

आस्था के साथ सामाजिक संदेश

भंडारे के माध्यम से मोटवानी परिवार हर साल समाज में सहयोग और सेवा की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। महाशिवरात्रि जैसे विशेष पर्व पर आयोजित यह कार्यक्रम लोगों को एकजुट करने और धार्मिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश देता है। श्रद्धालुओं ने भी आयोजन की सराहना करते हुए इसे शहर की एक प्रेरणादायक पहल बताया।

# 'मुनाफे पर कम फोकस करें', पएम मोदी ने विकसित भारत के लिए प्राइवेट सेक्टर को बताया महत्वपूर्ण, दी ये सलाह


**पीएम मोदी ने अमेरिका, ईयू के साथ ट्रेड डील और बजट 2026 के बाद अपना पहला इंटरव्यू दिया है. उन्होंने निजी क्षेत्र के लोगों से खास अपील करते हुए मुनाफे की जगह क्वालिटी पर ध्यान देने की बात कही.**

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राइवेट सेक्टर से खास अपील करते हुए कहा कि उन्हें मुनाफे पर कम फोकस करना चाहिए. इसके अलावा उन्होंने भविष्य में होने वाले आर्थिक बदलाव को लेकर भी अपनी बात रखी. पीएम मोदी ने यह इंटरव्यू पीटीआई न्यूज एजेंसी को दिया है. यह अमेरिका, ईयू से डील और केंद्रीय बजट 2026 के बाद पहली बार दिया गया इंटरव्यू है.

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के आर्थिक बदलाव के अगले दौर को बढ़ाने में प्राइवेट सेक्टर अहम भूमिका निभाएगा. उन्होंने साथ ही डिजिटल ग्रोथ, डिफेंस मॉर्डनाइजेशन जैसे मुद्दे पर भी जोर दिया. इसके अलावा उन्होंने इनोवेशन और उद्योग की क्षमता अनुसार बड़े निवेश विकसित भारत के विजन पाने के लिए जरूरी बताया है.

पीएम मोदी ने कहा है कि



औद्योगीकरण और शहरीकरण के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों के बहुत सारे युवा शहरों में जाकर ग्लोबली कनेक्टेड इंडस्ट्रीज में काम करना चाहते हैं. उनके लिए मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज में क्रांति ही उनकी उम्मीदों को पूरा कर सकती हैं.

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में पिछली सरकारों ने नहीं किया काम: ढट मोदी

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने से पहले इन पर ध्यान दिया जाना चाहिए था. बदकिस्मती से पिछली सरकारों में इस दिशा में ज्यादा कुछ नहीं हुआ. लेकिन हमने अपना तरीका बदल दिया है. मैन्युफैक्चरिंग हमेशा से हमारे विकसित भारत विजन का केंद्र रहा है. कोई भी देश सिर्फ कंज्यूमर बनकर तेजी से आगे नहीं बढ़ सकता. उन्हें वैश्विक स्तर पर हाई क्वालिटी प्रोड्यूसर बनना ही होगा.

इसी के लिए मेक इन इंडिया शुरू हुआ. समय के साथ उत्पादन से जुड़ी इंसेंटिव स्कीम्स जिनमें लक्षित हस्तक्षेप शुरू किए गए हैं. इन कोशिशों से भारत के उद्योग के बेस को फिर से तैयार किया जा रहा है. हमें ग्लोबल वैल्यू चेन्स में जोड़ा जा रहा है. बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा किया जा रहा है. हम अपने युवाओं में इसके लिए जरूरी स्किल्स डेवलप करने में मदद कर रहे हैं. इनके नतीजे नजर भी आ रहे हैं.

भारत ने निर्यात के पिछले रिकॉर्ड तोड़े हैं: नरेंद्र मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के सामान के निर्यात ने पिछले रिकॉर्ड तोड़े हैं. एक दशक बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन बनाने वाला देश है. पहले भारत अपने सभी मोबाइल फोन आयात करता था. उन्होंने कहा कि दुनिया भर के मशहूर फोन ब्रांड भारत में बन रहे हैं. डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग बढ़ रही है.

उन्होंने कहा कि भारत फर्मास्यूटिकल्स का एक भरोसेमंद सप्लायर है. हमारी इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग भी बढ़ी है. इसी तरह की तरक्की टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग से जुड़े सामान, और केमिकल्स में देखी जा सकती है. यह बदलाव उन सेक्टर्स में साफ नजर आ रहा, जिन्हें कभी बहुत हल्के में लिया जाता था.

साथ ही कहा कि इसके अलावा भारत में एक दशक में खिलौने का निर्यात तेजी से बढ़ा है. सभी जानते हैं, कि हमारे युवा इनोवेटर्स की वजह से भारत में स्टार्टअप क्रांति आई है.

# विश्व प्रसिद्ध बरसाना की होली को सकुशल सम्पन्न कराने को अधिकारी हुए तैयार : मंडलायुक्त, डीआईजी, डीएम और एसएसपी ने किया बरसाना मेला क्षेत्र का निरीक्षण

मथुरा (जीएनएस)। बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लड्डू और लठामार होली के नजदीक आने पर आलाधिकारियों ने सुरक्षा-व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए बरसाना का निरीक्षण करके दिशा-निर्देश दिए। बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लड्डू और लठामार होली में देश-विदेश से लाखों लोग होली खेलने पहुंचते हैं। इसके दृष्टिगत मंडलायुक्त आगरा नगेन्द्र प्रताप सिंह, डीआईजी आगरा रेंज शैलेश पांडेय, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने बरसाना पहुंचकर होली की तैयारी का निरीक्षण किया। इस बीच आलाधिकारियों ने मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप सिंह ने निर्देश दिए कि मंदिरों तक जाने वाले सभी मार्गों की आकर्षक सजावट कराने के साथ ही दीवारों पर थीम आधारित वॉल पेंटिंग करायी जाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण



मेला क्षेत्र में बेहतरीन लाइटिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। इस बीच मंडलायुक्त ने रंगीली चौक, कटारा चौक, लाड़ो गेट, सुदामा चौक और श्रीजी राधारानी मंदिर को जोड़ने वाले मार्ग, गलियों तथा प्रवेश-निकास द्वारों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अवैध होर्डिंग हटाने तथा सभी ट्रांसफार्मर और विद्युत खंभों पर प्लास्टिक रैपिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि होली पर्व से पगले प्रमुख मार्गों, स्थलों और चौक-चौराहों को सजाया जाए तथा बरसाना क्षेत्र को झालर, लाइटिंग एवं फसाड के माध्यम से आकर्षक बनाया जाए। इस बीच मंडलायुक्त ने कहा कि बरसाना आने वाले सभी श्रद्धालु यहां से सुखद अनुभव और नई पहचान लेकर वापस जाएंगे तो ब्रज की छवि और भी अधिक बेहतर होगी। इस दौरान मंडलायुक्त और डीएम ने ड्रेन का निरीक्षण करके सिंचाई विभाग को जल्द सफाई कराने के निर्देश दिए। इसी के साथ लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़कों के चौड़ीकरण और गड्ढा मुक्त सड़क के कार्यों की प्रगति का भी अवलोकन किया। इसके बाद मंडलायुक्त ने रंगीली चौक पर विशेष थीम आधारित पेंटिंग कराने और गिरासू छज्जों को हटवाने के निर्देश दिए। वहीं डीएम ने सीढ़ियों के आस-पास पेंटिंग कराने तथा बरसाना मेला क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त मेला बनाने के निर्देश दिए।

# ब्रज के प्रसिद्ध पर्वों से पूर्व आलाधिकारियों ने परखी श्रीकृष्ण जन्मभूमि की सुरक्षा

मथुरा (जीएनएस)। आने वाले दिनों में पड़ने वाले प्रसिद्ध पर्वों के दृष्टिगत पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि की सुरक्षा-व्यवस्था को परखते हुए बारीकी से निरीक्षण किया। अतिसंवेदनशील श्रीकृष्ण जन्मभूमि का निरीक्षण करने के लिए उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, मंडलायुक्त आगरा नगेन्द्र प्रताप सिंह, डीआईजी आगरा रेंज शैलेश पांडेय, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार एक साथ जन्मभूमि पहुंचे और संयुक्त रूप से सुरक्षा-व्यवस्था को परखते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वरिष्ठ अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा-व्यवस्था, बेहतर यातायात व्यवस्था, पर्वों पर आने वाली भारी भीड़ को नियंत्रण के उपाय तथा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी प्रणाली का अवलोकन करते हुए निरीक्षण किया। इस बीच वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात जवानों को साफ निर्देश दिए कि संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतें और संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाकर रखें। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के आने की संभावना को देखते हुए भीड़ नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने की योजना पर विचार-विमर्श करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों ने निर्देश दिए गए कि कानून-व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ रखने के लिए शासन की मंशानुरूप सभी आवश्यक तैयारी निश्चित समयावधि सुनिश्चित कर ली जाए। इस दौरान जन्मभूमि के सुरक्षा घेरे को और अधिक प्रभावी बनाने तथा तकनीकी निगरानी को 24 घंटे सक्रिय रखने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान श्रीकृष्ण जन्मस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों को विस्तृत रूप से जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा प्रमुख अखिलेश समेत कई तमाम नेताओं ने महाशिवरात्रि की शुभकामना दी

(जीएनएस)।

लखनऊ, 15 फरवरी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई प्रमुख नेताओं ने रविवार को राज्य के लोगों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''देवाधिदेव महादेव की उपासना को समर्पित महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व पर आज तीर्थराज प्रयाग की त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने हेतु पधारे सभी पूज्य साधु-संतों, धमार्चार्यो, कल्पवास के लिए पधारे साधकों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।''

उन्होंने कहा, ''देवाधिदेव महादेव एवं पुण्य प्रदायिनी मां गंगा की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे, साधकों की साधना एवं श्रद्धालुओं के मनोरथ पूर्ण हों, यही प्रार्थना है। हर हर महादेव।''

अपने गृह नगर गोरखपुर के दौरे पर पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में विधि विधान से रुद्राभिषेक कर लोक कल्याण की कामना की।

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में संस्कृत के एक श्लोक के साथ कहा, ''संयम, साधना और शिवत्व की कल्याणकारी





चेतना से आलोकित महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आज गोरखनाथ मंदिर में विधि-विधान से रुद्राभिषेक कर मानवता के कल्याण हेतु प्रार्थना की। हर हर महादेव।''

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''भगवान भोलेनाथ की आराधना के पावन पर्व महाशिवरात्रि की समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। देवाधिदेव महादेव के आशीर्वाद से यह पावन पर्व आपके जीवन में सकारात्मकता और आत्मिक आभा लेकर आए, यही कामना है।''

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आप सभी देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।''

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उप्र इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आप सभी को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं।''

उन्होंने पोस्ट में कहा, ''महाशिवरात्रि का यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में सकारात्मकता और ढेरों खुशियां लाए, देवाधिदेव महादेव से यही मंगलकामना है। हर हर महादेव।''

सपा अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट में इटावा के केदारेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों द्वारा पूजा-अर्चना का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, ''यहां बसता है विश्वास, बरसता है आशीर्वाद 'सर्व मंगल-सर्व कल्याण' की कामनाओं के साथ महाशिवरात्रि की महा-शुभकामनाएं।''

कांग्रेस पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री अजय राय ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''समस्त देशवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। देवाधिदेव महादेव, सत्य स्वरूप भगवान शिव सबका कल्याण करें। हर हर महादेव।''

# युवक ने भाभी की हत्या करके खुद का भी काटा गला

**-गंभीर हालत में युवक किया आगरा रैफर**

मथुरा (जीएनएस)। थाना नौहझील क्षेत्र स्थित गांव बाघई कटैलिया में रविवार सुबह झगड़े ने खूनी रूप धारण कर लिया। पारिवारिक झगड़े में एक युवक ने धारदार हथियार से हमला कर भाभी की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी और इसके बाद खुद का भी गला काट लिया। घटना की जानकारी होते ही एसएसपी श्लोक कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद आवश्यक निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 9 बजे 23 वर्षीय पुत्र दीपक पुत्र ज्वाला प्रसाद का अपनी 21 वर्षीय भाभी करिश्मा पत्नी प्रमोद से किसी बात को लेकर झगड़े हो गया। उसी दौरान झगड़ा इतना बढ़ गया कि दीपक ने आक्रोश में आकर धारदार हथियार से प्रहार करके भाभी करिश्मा को घायल कर दिया। आरोपी देवर द्वारा धारदार हथियार से किए गए प्रहारों के बाद विवाहिता करिश्मा की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी देवर दीपक ने भी आत्महत्या करने के बाद उद्देश्य से खुद ही अपने गले को ब्लेड से काट लिया। झगड़े के बाद परिजनों ने विवाहिता और देवर को लहूलुहान देखा तो उपचार के लिए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौहझील ले गए। जहां चिकित्सकों ने विवाहिता करिश्मा को मृत घोषित कर दिया और दीपक की गंभीर हालत होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे आगरा रैंफर कर दिया गया। अस्पताल द्वारा पुलिस को महिला और देवर के घायल होने की सूचना दी गई। इसके बाद घटना की जानकारी होते ही एसएसपी श्लोक कुमार, एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, सीओ मांट संदीप सिंह और थाना प्रभारी नौहझील सोनू सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस संबंध में एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। बताया कि झगड़ा किस कारण हुआ, जिसमें हत्या कर दी, इस बारे मे अभी पता नहीं चल सका है, पुलिस घटना की बारीकी से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि अस्पताल के माध्यम से सूचना मिली थी कि गले पर चोट लगी एक महिला और एक युवक भर्ती हुए हैं, जिनमें महिला की मौत हो चुकी है। कहा कि जांच में सामने आया है कि दोनों देवर-भाभी हैं। एसएसपी ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि वहां से साक्ष्य मिटाने के प्रयास किए गए हैं। पुलिस के पहुंचने से पहले ही घर को साफ कर दिया गया था और खून से सने गद्दों को धोकर छत पर सूखने के लिए डाल गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने चूल्हे की राख से एक ब्लेड बरामद किया है,

# पीएम मोदी कल इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे, जिसमें 13 देशों और 600 से अधिक स्टार्टअप्स भाग लेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में दी गई है।

यह एक्सपो 16 से 20 फरवरी तक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ एक ही स्थान पर आयोजित किया जाएगा। 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 एरिना में यह आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुनिया की बड़ी तकनीकी कंपनियां, स्टार्टअप्स, शिक्षण संस्थान, शोध संस्थान, केंद्रीय मंत्रालय, राज्य सरकारें और अंतरराष्ट्रीय साझेदार भाग लेंगे।

इस आयोजन में 13 देशों के पवेलियन भी होंगे, जो एआई इकोसिस्टम में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को दशाएंगे। इन देशों में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड,




स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीकी देश शामिल हैं।

एक्सपो में 300 से अधिक विशेष प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव डेमोंस्ट्रेशन होंगे। यह आयोजन तीन थीम – पीपल, प्लेनेट और प्रोग्रेस – पर आधारित होगा। इसके अलावा 600 से अधिक संभावनाशील स्टार्टअप इसमें भाग लेंगे, जिनमें से कई वैश्विक स्तर और बड़ी आबादी के लिए समाधान विकसित कर रहे हैं। ये स्टार्टअप अपने ऐसे समाधान पेश करेंगे जो पहले से वास्तविक दुनिया में उपयोग में हैं।

इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 में 2.5 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, जिनमें अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भी होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य वैश्विक एआई इकोसिस्टम में नए साझेदारी अवसर पैदा करना और व्यापार के नए मौके बनाना है।

इस दौरान 500 से अधिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 3,250 से ज्यादा विशेषज्ञ वक्ता और पैनल सदस्य भाग लेंगे। इन सत्रों में अलग-अलग क्षेत्रों में एआई के प्रभाव पर चर्चा की जाएगी और यह विचार किया जाएगा कि भविष्य में एआई का लाभ दुनिया के हर नागरिक तक कैसे पहुंचाया जाए। बयान में कहा गया है कि यह एक्सपो एआई के वास्तविक उपयोग का राष्ट्रीय प्रदर्शन होगा, जहां नीति और व्यवहार, नवाचार और विस्तार, तथा तकनीक और आम नागरिक के बीच बेहतर तालमेल दिखेगा।

# दुर्गा देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए शासन ने जारी किया डेढ़ करोड़ का बजट

(जीएनएस)।

कौशाम्बी। शासन ने वंदन योजना के तहत दुर्गा मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए डेढ़ करोड़ का बजट पास किया है। इससे जल्द ही दुर्गा मंदिर का जीणोद्धार व नव निर्माण का कार्य कराया जा जाएगा। शासन से पहली किस्त मिलने के बाद नगर पालिका ने टेंडर प्रक्रिया जारी कर दिया है।

मंझनपुर नगर पालिका के कस्बे के भेलखा रोड़ के पास स्थित माँ दुर्गा का प्रसिद्ध मन्दिर है। नगर पालिका अध्यक्ष बीरेंद्र सरोज ने वंदन योजना के तहत मन्दिर के सौंदर्यीकरण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। शासन ने प्रस्ताव को मंजूरी देकर डेढ़ करोड़ का बजट पास कर दिया है। साथ ही 75 लाख की पहली किस्त भी जारी किया है। शासन बजट मिलने के बाद नगर पालिका ने टेंडर की कवायद शुरू कर दिया है। इससे जल्द ही मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा।

# ग्रामसभा की जमीन पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों ने डीएम व मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

(जीएनएस)।

कौशांबी। जनपद कौशांबी के करारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सनई गांव में ग्रामसभा की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से ग्रामसभा की जमीन पर कब्जा कराया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित भूमि सार्वजनिक उपयोग की है, लेकिन उस पर निर्माण एवं कब्जे की कोशिशें की जा रही हैं। मामले की जानकारी कई बार स्थानीय स्तर पर देने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि राजस्व कर्मियों की शिथिलता के कारण कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं।इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री को भी शिकायत प्रेषित कर न्याय की गुहार लगाई गई है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्रामसभा की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी थी।

# तेज रफ्तार इनोवा कार ने मारी फोर व्हीलर में टक्कर चार गम्भीर रूप से घायल

**पश्चिम कसिया पेट्रोल पंप के पास बीच सड़क पर गड़े खम्भे में दौड़ रही थी 33 हजार बोल्टेज विजली का करेंट**

(जीएनएस)।

जनपद कौशाम्बी जिले के थाना कोखराज क्षेत्र अन्तर्गत पश्चिम कसिया पेट्रोल पम्प के पास इटावा से प्रयागराज संगम स्नान करने जा रहे श्रद्धालु लग्जरी कार तेज रफ्तार इनोवा कार से टकराकर बिजली के खंभे से टकरा गई है बिजली का खंभा टूटकर श्रद्धालुओं की कार पर गिर गया है जिससे श्रद्धालुओं की कार में सवार महिला समेत चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है

जानकारी के मुताबिक इटावा निवासी राधेश्याम अपने परिवार के सीमा सिंह आकांक्षा सिंह आरती सिंह और गायत्री देवी के साथ कार से रविवार की सुबह प्रयागराज संगम स्नान करने जा रहे थे जैसे ही कार सवार कोखराज थाना क्षेत्र के पश्चिम कशिया हाइवे पर पहुंचे एक तेज रफ्तार इनोवा ने चार पहिया कार में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे विजली का खम्भा टूट कर कार के उपर जा गिरा जिससे कार सवार सीमा सिंह,पत्नी डॉ राधेश्याम राठौर,आकांक्षा सिंह आरती सिंह राठौर,गायत्री देवी डॉ राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है सूचना पर पहुंचे कोखराज थाना प्रभारी चन्द्र भूषण मौर्य ने लोगों की मदद से घायलों को दुर्घटनाग्रस्त कार से बाहर निकाल कर नजदीकी अस्पताल नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया है जहाँ पर उनका इलाज चल रहा है विजली विभाग को सूचना मिलते ही वह भी मौके पर पहुँच कर रोड पर गिरे खंभे व तार को हटवाना शुरू कर दिया गया है।

# पुरानी पार्टी को नहीं भूल पा रहे सपा में शामिल नेता,नसीमुद्दीन सिद्दीकी

**बसपा,कांग्रेस के बाद अब सपा के हुए नसीमुद्दीन सिद्दीकी,यूपी के कई अन्य बड़े नेता भी साइकिल पर हुए सवार**

**--आफताब आलम**



लखनऊ। अगले साल होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी अभी से तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी में आज यूपी के कई बड़े नेता शामिल हो गए। कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद नसीमुद्दीन सिद्दीकी सपा में शामिल हुए हैं। इसके साथ ही अपना दल (सोनेलाल) के पूर्व विधायक राजकुमार पाल, अनीस अहमद उर्फ फूल बाबू , पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, डॉक्टर दानिश खान ( अक्टक्ट, पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस) सपा में शामिल हुए हैं।

पुरानी पार्टी को नहीं भूल पा रहे सपा में शामिल नेता

अनीस अहमद उर्फ फूलबाबू बसपा से आज समाजवादी पार्टी में शामिल हुए लेकिन वो अपनी पुरानी पार्टी को भूल नही पाए। अखिलेश यादव के सामने अपने भाषण में अनीस अहमद ने बार-बार कहा कि बीजेपी को कोई हरा सकता है तो वो बहुजन समाज पार्टी है। बाद में उन्होंने अपनी गलती सुधारी। वहीं, नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने भी कहा कि जो लोग आज बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए हैं, फिर उन्होंने भी अपनी गलती ठीक कर ली।

24 जनवरी को कांग्रेस से दिया था इस्तीफा

नसीमुद्दीन सिद्दीकी यूपी के कद्दावर मुस्लिम नेता माने जाते हैं। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने 24 जनवरी को कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। नसीमुद्दीन कांग्रेस में प्रांतीय अध्यक्ष थे।

इस वजह से छोड़ी कांग्रेस

पिछले दिनों रायबरेली जाने के लिए राहुल गांधी लखनऊ आए थे, एयरपोर्ट पर राहुल गांधी को रिसीव करने के लिए नसीमुद्दीन को एंट्री नही मिली थी और नसीमुद्दीन को एयरपोर्ट से वापस लौटना पड़ा था। इसी बात से नाराज नसीमुद्दीन ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था।

मायावती की सरकार में 4 बार के थे मंत्री

तब अटकलें लगी थी कि नसीमुद्दीन बसपा में वापस लौट सकते हैं। नसीमुद्दीन काशीराम के जमाने से बसपा में थे और मायावती के काफी करीबी माने जाते थे। मायावती चार बार यूपी की मुख्यमंत्री रहीं और चारो बार नसीमुद्दीन सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे।

2017 में बसपा से निकाले गए थे नसीमुद्दीनी सिद्दीकी

मायावती ने 2017 में नसीमुद्दीन को पार्टी से निकाल दिया था और 2018 में नसीमुद्दीन कांग्रेस में शामिल हो गए थे। अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू पीलीभीत से तीन बार विधायक रहे, मायावती सरकार में मंत्री भी रहे।